# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात** **दिनांक- 04.07.2026**

### अपराध नियंत्रण की दिशा में कानपुर देहात पुलिस को मिली बड़ी सफलता।

### थाना मूसानगर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्र में धर्मपरिवर्तन कराने वाले 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, थाना क्षेत्र मूसानगर में नाबालिक बालिका को डरा धमकाकर व बहला फुसलाकर शादी करने का झांसा व डरा धमकाकर छेडछाड व अन्य प्रलोभन देकर धर्मपरिवर्तन कराने हेतु प्रेरित करने के सम्बन्ध में दिनांक 03.07.2026 को वादी श्री जीतू गुप्ता उम्र 40 वर्ष पुत्र श्रीभगवान दास गुप्ता निवासी मोहल्ला वार्ड नं0 9 कस्बा व थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना मूसानगर पर मु0अ0सं0 059/2026 धारा 137(2)/74/75(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 व धारा 9G/9L/10 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 व धारा 3/(5)i/(5)iii उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 बनाम 1.मुख्तार कुरैशी पुत्र अज्ञात निवासी फत्तेपुर कस्बा व थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात 2.राज राईन पुत्र रमजानी निवासी गौसगंज मूसानगर कानपुर देहात 3.मोनिस पुत्र वसीर निवासी गौसगंज कस्बा व थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात पंजीकृत किया गया। जिनकी गिरफ्तारी हेतु थाना मूसानगर पर एक टीम का गठन करते हुए अभियुक्तों की तलाश के दौरान त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांक 03.07.2026 को अभियुक्तगण 1.मुख्तार अहमद उम्र करीब 53 वर्ष पुत्र मुस्ताक अहमद निवासी फत्तेपुर कस्बा व थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात 2.राज राईन उम्र करीब 20 वर्ष पुत्र रमजानी निवासी एसबीआई बैक के पीछे गौसगंज कस्बा व थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात को हलिया मोड थाना मूसानगर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का नाम व पता-**

1.मुख्तार अहमद उम्र करीब 53 वर्ष पुत्र मुस्ताक अहमद निवासी फत्तेपुर कस्बा व थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात
2.राज राईन उम्र करीब 20 वर्ष पुत्र रमजानी निवासी एसबीआई बैक के पीछे गौसगंज कस्बा व थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात

**पूछताछ का विवरण:** अभियुक्तगण ने पूछने पर बताया गया कि मुख्तार अहमद एसडीएसजी इन्टर कालेज मे बस चालक है व पीडिता को उसके घर से बस में लाता व ले जाता था। इसी दौरान पीडिता को राज राईन पुत्र रमजानी निवासी एसबीआई बैक के पीछे गौसगंज कस्बा व थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात से दोस्ती करने का दबाब बनाता था तथा पीडिता को बहला फुसलाकर उसकी दोस्ती राज राईन से करा दी थी। हम लोग व मोनिस पुत्र वसीर उपरोक्त पीडिता को धर्म परिवर्तन करने के लिए डरा धमकाकर, प्रलोभन प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित

करते थे। अभियुक्तगण द्वारा पीडिता के साथ सामूहिक रुप से छेडछाड की बात भी स्वीकार की गयी। नामित अभियुक्त मोनिस उपरोक्त की गिरफ्तारी के सतत प्रयास किये जा रहे हैं।

**गिरफ्तार करने वाली थाना मूसानगर टीम –**

1. थानाध्यक्ष श्रीमती अमिता वर्मा
2. उ0नि0 श्री अरुण कुमार
3. हे0का0 486 प्रमोद कुमार
4. का0 642 गोविन्द सिहं यादव